क्रम-संख्या–218

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

# असाधारण

## विधायी परिशिष्ट

**भाग–3, खण्ड (क)**

(उत्तर प्रदेश विधान मण्डल के विधेयक)

**लखनऊ, मंगलवार, 30 दिसम्बर, 2025**

**पौष 9, 1947 शक सम्वत्**

विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश
**(संसदीय अनुभाग)**

संख्या 2926 / वि0स0 / संसदीय / 93(सं) / 2025
लखनऊ, 22 दिसम्बर, 2025

अधिसूचना

**प्रकीर्ण**

उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 के उपवेशन में पुरःस्थापित किया गया, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम 126 के अन्तर्गत एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

### उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025

जीवन तथा कारबार को सुगम बनाने हेतु विश्वास-आधारित शासन में और अधिक वृद्धि हेतु अपराधों के गैर-अपराधीकरण तथा युक्तिसंगत बनाने के लिए कतिपय अधिनियमितियों के संशोधन हेतु

### विधेयक

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में एतद्द्वारा निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:–

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश सुगम व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2025 कहा जाएगा।

(2) यह ऐसे दिनांक को प्रवृत्त होगा जैसा कि राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा नियत करे, तथा अनुसूची में उल्लिखित भिन्न–भिन्न अधिनियमों से संबंधित संशोधनों के लिए भिन्न–भिन्न दिनांक नियत किये जा सकते हैं।

कतिपय अधिनियमितियों में संशोधन

2—अनुसूची के स्तम्भ (4) में उल्लिखित अधिनियमितियों को स्तम्भ (5) में उल्लिखित रीति में और सीमा तक एतद्द्वारा संशोधित किया जाता है।

जुर्माने तथा शास्तियों का पुनरीक्षण

3—अनुसूची में उल्लिखित अधिनियमितियों में विभिन्न उपबंधों के अधीन उपबंधित जुर्माने तथा शास्तियॉ इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के दिनांक से प्रत्येक तीन वर्ष की समाप्ति के पश्चात, यथास्थिति, इस हेतु निर्धारित जुर्माना तथा शास्ति की न्यूनतम धनराशि के दस प्रतिशत से वृद्धि की जाएगी।

निरसन और व्यावृत्ति

4—(1) उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश, 2025 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है। उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 14 सन् 2025

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश द्वारा यथासंशोधित मूल अधिनियम के उपबन्धों के अधीन कृत कोई कार्य या की गयी कोई कार्यवाही इस अधिनियम द्वारा यथासंशोधित मूल अधिनियम के सह प्रत्यर्थी उपबन्धों के अधीन कृत या की गई समझी जाएगी मानों इस अधिनियम के उपबन्ध सभी सारवान समयों में प्रवृत्त थे।

(3) इस अधिनियम द्वारा किसी अधिनियमिति के संशोधन से ऐसी कोई अन्य अधिनियमिति प्रभावित नहीं होगी जिसमें संशोधित अधिनियमिति लागू की गई हो, सम्मिलित की गयी हो या निर्दिष्ट हो; और यह अधिनियम पहले से कृत या ग्रस्त किसी बात अथवा पहले से अर्जित, प्रोदभूत या उपगत किसी अधिकार, हक, बाध्यता या दायित्व अथवा तत्सम्बंध में पहले से पूर्ण कोई उपाय या कार्यवाही अथवा पहले से स्वीकृत किसी ऋण, शास्ति, बाध्यता, दायित्व, दावा या मॉग या क्षतिपूर्ति के या से किसी प्रकार के निर्मोचन या उन्मोचन की विधि मान्यता, अविधिमान्यता, अर्थ या परिणाम प्रभावित नहीं करेगा; न ही यह अधिनियम इस बात के होते हुए कोई सिद्धान्त या विधि का नियम या स्थापित अधिकारिता, अभिवचन, पद्धति या प्रक्रिया का प्रारूप या प्रक्रम अथवा विद्यमान प्रभा, रूढ़ि, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, पद या नियुक्ति प्रभावित करेगा कि एतद्द्वारा संशोधित किसी अधिनियमिति द्वारा, में या से उनकी क्रमशः किसी भी रीति से अभिपुष्टि कर ली गई होगी या उन्हें मान्यता प्रदान कर दिया गया होगा या उन्हें व्युत्पन्न कर लिया गया होगा; और न ही इस अधिनियम द्वारा किसी अधिनियमिति के संशोधन से कोई अधिकारिता, पद, रूढ़ि, दायित्व, अधिकार, हक, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, प्रथा, पद्धति, प्रक्रिया अथवा सम्प्रति अविद्यमान या अप्रवृत्त कोई अन्य विषय या बात पुनः प्रवर्तित या प्रत्यावर्तित होंगे।

----------

## अनुसूची

**(भाग 2 देखें)**

| क्रम संख्या | वर्ष | संख्या | संक्षिप्त नाम | संशोधन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 1953 | 14 | उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) अधिनियम, 1953 | (क) धारा 22 में शब्द, ''छह माह तक का कारावास अथवा एक लाख रुपये से अनधिक का जुर्माना अथवा दोनों हेतु दायी और उल्लंघन निरंतर जारी रहने की दशा में प्रत्येक दिवस हेतु जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है, पाँच हजार रुपये से अनधिक अतिरिक्त जुर्माना'' के स्थान पर ''दो लाख रुपये तक शास्ति का दायी और उल्लंघन जारी रहने की दशा में पाँच हजार रुपये तक अतिरिक्त शास्ति तक हो सकता है, प्रत्येक दिवस हेतु जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है" को रख दिया जाएगा। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1953 | 14 | उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) अधिनियम, 1953 | (ख) धारा 22-क के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थात :– <br> "22क–उल्लंघनों की जांच– <br> (1) राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से विशेष रूप में सशक्त कोई निरीक्षक, अपने अधिकार क्षेत्र की सीमाओं के भीतर इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों या आदेशों के किसी भी उल्लंघन की जांच कर सकता है। <br> (2) ऐसे निरीक्षक इस अधिनियम के अधीन नोटिस जारी करने, दस्तावेज समन करने और अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने तथा शास्ति की सिफारिश करने की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। <br> (3) राज्य सरकार ऐसे जांचों हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियायें विहित कर सकती है। <br> (ग) धारा 23 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थातः– <br> "23–न्यायनिर्णायन, प्रशमन एवं अपील— <br> (1) इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा आदेशों का कोई भी उल्लंघन, धारा 22क के अधीन निरीक्षक द्वारा की गई जांच के आधार पर, धारा 9 के अंतर्गत नियुक्त गन्ना आयुक्त अथवा धारा 10 के अधीन नामित अधिकारी द्वारा अधिरोपित शास्ति के अध्यधीन होगा। <br> (2) गन्ना आयुक्त अथवा धारा 10 के अधीन नाम निर्दिष्ट कोई अधिकारी, शास्ति के लिए दायी व्यक्ति द्वारा आवेदन पर धारा 22 के अधीन अधिरोपित शास्ति के पचास प्रतिशत से अनधिक होने वाला संविरचना फीस उद्ग्रहण कर उल्लंघन का शमन राज्य सरकार द्वारा विहित प्रक्रियाओं के अध्यधीन कर सकते हैं। <br> (3) किसी शास्ति या प्रशमन विनिश्चय से कोई व्यथित व्यक्ति धारा 9 के अधीन नियुक्त गन्ना आयुक्त अथवा राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट अपीली प्राधिकारी के समक्ष 30 दिवसों के भीतर, ऐसे रूप एवं रीति से अपील कर सकता है, जैसा कि विहित किया जाए।'' <br> (घ) धारा 24 को निकाल दिया जायेगा। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 1956 | 3 | उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 | (क) धारा 8 को निकाल दिया जायेगा। |
| 3 | 1959 | 2 | उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 | (क) धारा 465 में,— <br> (एक) उपधारा (1) में, शब्द ''कारावास जो एक माह तक हो सकता है या ऐसी शास्ति जो एक सौ रुपये तक हो सकती है या जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है'' शब्दों, अंकों एवं अक्षरों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे—''ऐसे नगर में, जिसकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक हो, पाँच लाख रुपये तक तथा ऐसे नगर में, जिसकी जनसंख्या 10 लाख से कम हो, तो एक लाख रुपये तक के जुर्माने का उत्तरदायी होगा।" <br> (दो) उपधारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम रख दिया जाएगा, अर्थात् :— <br> (2) ''जहाँ कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन शास्ति हेतु दायी हो ,वहाँ न्याय निर्णायक अधिकारी सुनवाई का अवसर दिये जाने के पश्चात किसी भी भवन को तुरंत हटाने अथवा उस भूमि के प्रचालन अथवा उपयोग को समाप्त करने का आदेश दे सकता है, जिसके सम्बन्ध में ऐसा उल्लंघन हुआ हो।'' <br> (तीन) उपधारा (3) में, शब्द ''एक माह तक के कारावास अथवा एक सौ रुपए तक जुर्माना अथवा दोनों से दंडित'' के स्थान पर शब्द दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर की दशा में पांच लाख रुपए तक और दस लाख से कम जनसंख्या वाले नगर की दशा में एक लाख रुपए तक के शास्ति हेतु दायी होगा'' रख दिये जायेंगे। |
| 4 | 1961 | 33 | उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 | (क) धारा 107—क में, शब्द साधारण कारावास ''जिसकी अवधि एक वर्ष तक विस्तारित की जा सकती है और ऐसा जुर्माना जिसे बीस हजार रुपये तक बढ़ाया जा सकता है से दंडनीय'' के स्थान पर शब्द ''जिसे ऐसे शास्ति का दायी होगा जो दो लाख रुपये तक विस्तारित किया जा सकता है'' रख दिया जाएगा। <br> (ख) धारा 240 के लिए निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थातः— <br> ''राज्य सरकार, धारा 240 नियम बनाने में और उप—विधि बनाने में जिला पंचायत, विहित प्राधिकारी की मंजूरी से, यह निदेश दे सकती है कि इस उपबंध को भंग करने पर शास्ति लगायी जाएगी, जो एक हजार रुपये तक विस्तारित हो सकती है। यदि भंग निरंतर होता है, तो प्रारंभिक भंग के पश्चात उल्लंघन जारी रहने वाले प्रत्येक दिवस हेतु पचास रुपये तक का अतिरिक्त शास्ति अधिरोपित की जा सकती है। भंग की पुनरावृत्ति होने की दशा में अपराधी पच्चीस हजार रुपये तक विस्तारित किए जा सकने वाले शास्ति का दायी होगा।" <br> (ग) धारा 264—ञ हेतु निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थात— |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 1961 | 33 | उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 | धारा 264 में ''यदि कोई व्यक्ति धारा 264–घ अथवा धारा 264–च के अधीन किये गये किसी आदेश का उल्लंघन करता है, तो वह एक लाख रुपये तक विस्तारित किये जा सकने वाले शास्ति का दायी होगा।" |
| 5 | 1976 | 3 | उत्तर प्रदेश मादक पान (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1976 | (क) धारा 6 में, शब्द ''ऐसा कारावास जिसका विस्तार छह माह तक हो सकता हो अथवा जुर्माना अथवा दोनों के साथ'' के स्थान पर शब्द ''शास्ति जिसे पचहत्तर हजार रुपये तक विस्तारित किया जा सकता है'' रख दिया जायेगा। |
| 6 | 1976 | 6 | उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 | (क) धारा 16–क में,— <br> (एक) शब्द और प्रतीक, ''ऐसी अवधि के कारावास जो छह माह तक हो सकता है या ऐसा जुर्माना जो पाँच हजार रुपए तक हो सकता है या दोनों से दंडित'' के स्थान पर शब्द और प्रतीक ''ऐसी शास्ति जो पच्चीस हजार रुपए तक हो सकती के लिए दायी'' रख दिये जाएंगे। <br> (दो) विद्यमान पाठ के पश्चात निम्नलिखित बढ़ा दिया जाएगा, अर्थातः— <br> "इस धारा के प्रयोजन हेतु, मुख्य कार्यपालक अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के पास ऐसी रीति से, जैसा कि विहित किया जाय, जांच आयोजित करने तथा शास्ति अधिरोपित करने की शक्ति होगी।" |
| 7 | 1976 | 45 | उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 | (क) धारा 10 में, शब्द ''उसे कारावास का जो छः माह तक का हो सकता है, या जुर्माने का जो एक हजार रुपए तक हो सकता है, या दोनों का दण्ड दिया जाएगा'' के स्थान पर शब्द'' जुर्माने से, जो दस हजार रुपए तक हो सकता है, दंडनीय होगा'' रख दिया जायेगा। <br> (ख) धारा 10 के पश्चात निम्नलिखित धारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात– ''10क-शास्तियों का न्याय निर्णयन– मंडलीय वन अधिकारी, धारा 10 के अधीन शास्ति अवधारित करने तथा अधिरोपित करने हेतु, ऐसी रीति से जांच करेगा, जैसी विहित। <br> (ग) धारा 13 निकाल दी जायेगी। <br> (घ) धारा 15 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थातः— <br> "15(1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी अधिकारी को,किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसके विरुद्ध यह विश्वास करने का कारण है कि उसने किसी वन, उद्यान अथवा सार्वजनिक भूमि में स्थित किसी वृक्ष के सम्बन्ध में इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध किया है, प्रति वृक्ष पांच हजार रुपए से अनाधिक धनराशि, उस अपराध हेतु प्रशमन के रूप में स्वीकार करने हेतु प्राधिकृत कर सकेगी, जिसे ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया माना जाएगा। <br> (2) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी अधिकारी को, किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसके विरुद्ध यह विश्वास करने का कारण हो कि उसने इस अधिनियम |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 1976 | 45 | उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 | के अधीन किसी वन, उद्यान अथवा सार्वजनिक भूमि में स्थित एक समय में पच्चीस से अधिक वृक्षों के सम्बन्ध में अपराध किया है, प्रति वृक्ष दस हजार रुपए से अनधिक धनराशि उस अपराध हेतु प्रशमन के रूप में स्वीकार करने हेतु प्राधिकृत कर सकेगी, जिसे ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया माना जायेगा।<br>(3) उपधारा (1) अथवा (2) में विनिर्दिष्ट शमन शुल्क का संदाय न किए जाने की स्थिति में, शमन शुल्क भूमि राजस्व के रूप में वसूल किया जा सकता है।<br>(4) यदि ऐसी धनराशि किसी ऐसे अधिकारी को संदाय कर दी जाती है, तो संदिग्ध, यदि हिरासत में हो, तो रिहा किया जाएगा और इस अधिनियम के अधीन उसके विरुद्ध कोई और कार्यवाही नहीं की जाएगी, तथा धारा 14 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ऐसा अधिकारी, मामले की परिस्थितियों में उचित समझे जाने वाली अन्यून दस हजार रुपए की धनराशि के संदाय पर, इस अधिनियम के अधीन जब्त की गई कोई भी संपत्ति निर्मोचित कर सकता है। |
| 8 | 2012 | 8 | उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 | (क) धारा 229 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थातः—<br>"(1) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति–<br>(क) जो इस संहिता के उपबंधों के अधीन अपेक्षित विधिपूर्वक कोई विवरण या सूचना प्रदान करने में विफल रहता है; अथवा<br>(ख) जो कोई ऐसा विवरण या सूचना प्रदान करता है जो मिथ्या हो तथा जिसके बारे में उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि वो मिथ्या है; अथवा<br>(ग) जो कलेक्टर या किसी अन्य राजस्व अधिकारी या ग्राम पंचायत को इस संहिता के उपबंधों के अनुसार किसी भूमि के कब्जा करने में बाधा उत्पन्न करता है, अथवा<br>(घ) धारा 220 में विनिर्दिष्ट किसी कार्य को करने में किसी अधिकारी या लोक सेवक को बाधा पहुंचाता है; दो लाख रुपये तक की शास्ति का दायी होगा।" |
| 9 | 2019 | 13 | उत्तर प्रदेश भू–गर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम, 2019 | (क) धारा 39 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जाएगी, अर्थातः–<br>"39-अपराध तथा शास्तियां–<br>(1) यदि कोई भी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक अथवा भूजल के वृहद उपभोक्ता, अथवा कोई भी ड्रिलिंग अभिकरण, समुचित प्राधिकारी अथवा राज्य भूजल प्रबंधन एवं नियामक प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को इस अधिनियम के अधीन प्रदान किए गए किसी भी अधिकार का प्रयोग करने में बाधा पहुंचाती है, तो ऐसा व्यक्ति, प्रथम अपराध के मामले में, कारावास से जो अन्यून छह मास होगा लेकिन जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा, अथवा जुर्माने से जो |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 2019 | 13 | उत्तर प्रदेश भू–गर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम, 2019 | अन्यून दो लाख रुपए होगा लेकिन जिसे पाँच लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकेगा अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।<br>द्वितीय अथवा पश्चात्वर्ती किए गए अपराध की स्थिति में, ऐसा व्यक्ति पूर्व अपराध हेतु दी गई जुर्माने की धनराशि के दोगुने जुर्माने के साथ–साथ उक्त उपधारा के अधीन दी गई कारावास की सजा का भी दायी होगा। इसके अतिरिक्त, इस अधिनियम के अधीन स्वीकृत प्राधिकार अथवा अनापत्ति प्रमाण-पत्र रद्द किया जा सकेगा।<br>(2) कोई भी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक अथवा भूजल के वृहद उपभोक्ता जो धारा 27 अथवा 29 के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह—<br>(क) प्रथम बार अपराध हेतु, शास्ति, जो दस लाख रुपये से अन्यून होगी, के लिए दायी होगा;<br>(ख) द्वितीय या पश्चात्वर्ती अपराध हेतु शास्ति, जो पंद्रह लाख रुपये से अन्यून होगी, के लिए दायी होगा;<br>(3) कोई भी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक या भूजल के वृहद उपभोक्ता अथवा वेधन अभिकरण, जो उपधारा (1), (2) के अधीन या अध्याय पांच के अधीन उपबंधों के सिवाय, इस अधिनियम अथवा तद्धीन बनाए गए नियमों, का उल्लंघन करता है अथवा अनुपालन करने में विफल रहता है, वह न्यूनतम शास्ति जो विहित की जाय और जो पांच लाख रुपये तक हो सकता है, के लिए दायी होगा।<br>द्वितीय अथवा पश्चात्वर्ती उल्लंघन की स्थिति में, ऐसा व्यक्ति शास्ति के लिए दायी होगा जो पूर्व में अधिरोपित राशि का दुगुना होगा।<br>इस अधिनियम के अधीन दिया गया प्राधिकार अथवा अनापत्ति प्रमाणपत्र को निरस्त किया जा सकेगा।<br>(4) कोई भी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक अथवा सामूहिक भूगर्भ जल का उपभोक्ता, जो धारा 26 की उपधारा (2) अथवा धारा 28 के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह—<br>(क) प्रथम उल्लंघन हेतु, न्यूनतम शास्ति जो विहित की जाय और जो दस लाख रुपये तक हो सकती है, के लिए दायी होगा;<br>(ख) किसी पश्चात्वर्ती उल्लंघन हेतु न्यूनतम शास्ति जो चालीस लाख रुपये तक हो सकती है, के लिये दायी होगा;<br>(5) कोई भी जलापूर्तिकर्ता (सरकारी पेयजल आपूर्ति योजनाओं से भिन्न), जो ऐसे भूगर्भ जल की आपूर्ति करता है या कराता है, जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन विहित गुणवत्ता मानक को पूर्ण करने में विफल हो, न्यूनतम शास्ति जो विहित की जाय और जो पांच लाख रूपये तक हो सकती है, के लिए दायी होगा। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 2019 | 13 | उत्तर प्रदेश भू–गर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम, 2019 | (6) जो कोई किसी भवन का स्वामी होते हुए, ऐसे रेखाचित्र स्वीकृत करने हेतु सक्षम किसी विकास प्राधिकरण अथवा अन्य प्राधिकरण द्वारा जारी रेखाचित्र, अभिकल्प और मार्गदर्शनों के अनुसार भूगर्भ जल पुनर्भरण करने के लिए वर्षा जल संचयन तंत्र प्रतिष्ठापित करने में विफल रहता है, तो वह भवन उपविधियों के अधीन निर्मित सम्बन्धित उपबंधों हेतु दायी होगा।<br>(ख) धारा 39 के पश्चात् निम्नलिखित धारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात—<br>"39 क–न्यायनिर्णयन एवं वसूली— (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, धारा 39 के अधीन शास्ति अधिरोपित करने के प्रयोजनार्थ ऐसी रीति से, जैसा कि विहित किया जाय, किसी अधिकारी को पदाभिहित कर सकेगी।''<br>(2) शास्ति की अधिरोपित राशि का संदाय न किए जाने की स्थिति में, राशि भू–राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूली योग्य होगी।'' |
| 10 | 2022 | 16 | उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम, 2022 | (क) धारा 36 में शब्द और प्रतीक,''ऐसा जुर्माना जो दस हजार रुपए तक हो सकता है, या ऐसी अवधि के कारावास, जो तीन माह तक हो सकता है, से या दोनों से दंडनीय'' के स्थान पर शब्द और प्रतीक ''शास्ति जो पचहत्तर हजार रुपए तक हो सकती है के लिए दायी'' रख दिए जाएंगे।<br>(ख) धारा 39 में शब्द और प्रतीक, ''ऐसी अवधि के कारावास जो तीन माह तक हो सकता है, से या ऐसा जुर्माना जो दस हजार रुपए तक हो सकता है, से या दोनों, से और जहां अपराध जारी हो वहां ऐसा अग्रसर जुर्माना, जो प्रथम अपराध के पश्चात, जिसके दौरान ऐसा अपराध जारी हो, प्रत्येक दिन एक हजार रूपये तक हो सकता है, से दंडनीय'' के स्थान पर शब्द और प्रतीक ''ऐसी शास्ति जो पचहत्तर हजार रूपये तक हो सकती है और जहाँ उल्लंघन जारी हो, वहाँ अतिरिक्त शस्ति, जो प्रथम उल्लंघन के पश्चात् जिसके दौरान ऐसा उल्लंघन जारी हो, प्रत्येक दिन एक हजार रूपये तक हो सकती है, हेतु दायी'' रख दिए जाएंगे। |

———————

## उद्देश्य और कारण

उत्तर प्रदेश राज्य में कारबार सुगमता में अभिवृद्धि करने के लिए विविध राज्य अधिनियमों में संशोधन एवं लघु, तकनीकी एवं प्रक्रियागत खामियों से सम्बन्धित आपराधिक उपबन्धों को हटाना आवश्यक हो गया है। इन उपबन्धों को युक्तिसंगत आर्थिक शास्तियों से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। इस पहल का प्रयोजन अनुपालन भार को कम करना, विनियामक निश्चितता में सुधार करना और राज्य में विनिधान को प्रोत्साहित करना है। यह उपागम जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023 के माध्यम से क्रियान्वित राष्ट्रीय सुधार प्रयास से जुड़ा हुआ है।

राज्य का लक्ष्य 1 ट्रिलियन यू0एस0 डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करना है। इस हेतु प्रत्याशित एवं गैर दांडिक विनियामक ढांचा अत्यावश्यक है। उपर्युक्त के दृष्टिगत कतिपय अधिनियमों में संशोधन करके उनके कतिपय उपबन्धों को गैर अपराधिकरण किए जाने का विनिश्चय किया गया।

चूंकि राज्य विधान मण्डल सत्र में नही था और पूर्वोक्त विनिश्चय को कार्यान्वित करने के लिए तुरंत विधायी कार्यवाही आवश्यक थी, अतः राज्यपाल द्वारा दिनांक 7 नवम्बर, 2025 को उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 14 सन् 2025) प्रख्यापित किया गया।

यह विधेयक पूर्वोक्त अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के लिए पुरःस्थापित किया जाता है।

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री,
औद्योगिक विकास।

———————

**उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 में किए जाने वाले ऐसे उपबंधों का ज्ञापन–पत्र जिनमें विधायन अधिकारों के प्रतिनिधान अंतर्ग्रस्त हैं।**

उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 में किए जाने वाले विधायन अधिकारों के प्रतिनिधान का विवरण निम्न प्रकार है:–

| विधेयक का खंड | विधायन अधिकारों के प्रतिनिधान का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 1(2) | इसके द्वारा राज्य सरकार को इस अधिनियम की प्रवृत्ति के सम्बन्ध में अधिसूचना करने की शक्ति दी जा रही है; तथा राज्य सरकार को यह शक्ति प्रदान की जा रही है की वह इस अधिनियम की विभिन्न धाराओं को विभिन्न तिथियों पर लागू कर सके। |

उपर्युक्त प्रतिनिधान सामान्य प्रकार के हैं।

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री,
औद्योगिक विकास।

————————

**उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 द्वारा संशोधित की जाने वाली मूल अधिनियम की संगत धाराओं का उद्धरण ।**

उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) अधिनियम, 1953

| | |
|---|---|
| धारा | 22–यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम यो अथवा उसके अधीन बने नियम अथवा दी गयी आज्ञा के किसी उपबन्ध का उल्लंघन करता है तो वह कारावास के दंड का, जो 6 महीने तक हो सकता है अथवा अर्थदंड का, जो एक लाख रूपये से अधिक न होगा अथवा दोनों का भागी होगा और यदि ऐसा उल्लंघन करता रहे तो प्रत्येक उस दिन के लिये, जब उल्लंघन करे, वह ऐसे अधिक अर्थदंड का भागी होगा, जो पांच हजार रूपये से अधिक न होगा। |
| धारा | 22–क–(1) राज्य सरकार द्वारा सामान्य रूप से मामलों के या मामलों के किसी वर्ग के सम्बन्ध में इस निमित्त अधिसूचना द्वारा विशेष रूप से सशक्त निरीक्षक, जिस क्षेत्र में अधिकारिता का प्रयोग ऐसा अधिकारी करता है उसकी सीमा के भीतर किये गये इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का अन्वेषण कर सकता है। |

| | |
|---|---|
| | (2) कोई ऐसा अधिकारी ऐसे अन्वेषण के सम्बन्ध में उन्ही शक्तियों का प्रयोग कर सकता है जिनका प्रयोग पुलिस थाने का भारसाधक अधिकारी दण्ड प्रक्रिया सहिता, 1973 के अध्याय-12 के उपबन्धों के अधीन किसी संज्ञेय अपराध के लिए कर सकता है। |
| धारा | 23–(1) इस अधिनियम के अधीन गन्ना कमिश्नर अथवा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अथवा उनके अधिकार के अधीन परिवाद (complaint) किये बिना कोई अभियोग निवेशित (instituted) नहीं किया जायेगा।<br>(2) इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए अभियुक्त द्वारा प्रार्थना–पत्र दिये जाने पर गन्ना कमिश्नर अथवा गन्ना कमिश्नर की पूर्व सहमति से जिला मजिस्ट्रेट ऐसा प्रशमन शुल्क (composition fee) लेकर, जो उस पर ऐसे अपराध के लिये लगाये जा सकने वाले अर्थ–दंड से अधिक न होगा, किसी भी स्तर पर उक्त अपराध का प्रशमन (compound) कर सकता है।<br>(3) कोई भी न्यायालय जो द्वितीय श्रेणी के मजिस्ट्रेट के न्यायालय से निम्न हो, इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बने किसी नियम अथवा दी गयी किसी आज्ञा के विरुद्ध किसी अपराध का विचार न कर सकेगा। |
| धारा | 24–कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीजर, 1898 (Code of Criminal Procedure, 1898) की धारा 32 में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में विशेष रूप से अधिकृत और इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बने नियम अथवा दी गई आज्ञा के अधीन किसी मामले की सुनवाई करने वाले यथास्थिति, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट या अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या अपर मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट के लिये यह वैध होगा कि इस अधिनियम के अधीन अपराधी निर्णीत किये गये किसी व्यक्ति पर ऐसा अर्थदंड लगाये, जो एक लाख रुपये से अधिक न होगा। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955

| | |
|---|---|
| धारा | 8–(1) यदि किसी चलचित्र यंत्र का स्वामी या प्रभारी व्यक्ति उसका प्रयोग करता है या प्रयोग करने देता है, या यदि किसी स्थान का स्वामी शास्ति या अध्यासी चलचित्र यंत्र द्वारा प्रदर्शन के लिये उस स्थान का प्रयोग करने की अनुज्ञा देता है, या यदि कोई व्यक्ति वीडियो द्वारा प्रदर्शन करता है वीडियो लाइब्रेरी मनोरंजन आयोजित करना रखता है जिससे इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये नियमो के उपबन्धों का या उन शर्तों और निर्बन्धनों का जिन पर या जिनके अधीन इस अधिनियम के अधीन लाइसेंस दिया गया हो, उल्लंघन होता है तो वह ऐसी अवधि के लिये जो छः मास तक हो सकती है, साधारण कारावास से या जुर्माने से जो बीस हजार रूपये तक हो सकता है या दोनों से और अपराध जारी रहने की स्थिति में अतिरिक्त जुर्माने से जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके दौरान अपराध जारी रहे, दो हजार रूपये तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।<br>(2) यदि कोई व्यक्ति इस निमित सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी अधिकारी को प्रवेश करने से रोकता है या इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन या द्वारा आरोपित अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने में ऐसे अधिकारी को अन्यथा बाधा डालता है तो वह जुर्माने से जो दस हजार रूपये तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।<br>(3) यदि कोई व्यक्ति किसी चलचित्र या वीडियो फिल्म या किसी रिकार्ड जिसमें फिल्म से सम्बन्धित साउण्ड ट्रैक का भाग समाविष्ट है से सम्बन्धित प्रतिलिप्याधिकार के उल्लंघन, जो प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 के अधीन दण्डनीय है से सम्बन्धित अपराध करता है या करने का प्रयास करता है या करने के लिए दुष्प्रेरित करता है या चलचित्र या वीडियो कैसेट या कोई अन्य डिवाइस जिसे जिस भी नाम से पुकारा जाय की किसी उल्लंघन कृत प्रति को प्रदेशिक करता है या प्रदर्शित करने की अनुज्ञा देता है या उसका विक्रय भण्डारण करता है, किराये पर देता है या वितरण करता है, उसका विनियम करता है या परिचालन लाता है तो वह कारावास से जिसकी अवधि दो वर्ष तय हो सकती है या जुर्माने |

| | |
|---|---|
| | तक जो पचास हजार रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो पांच लाख रूपये तक हो सकता है या दोनों से दण्डनीय होगा।<br>(4) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (3) के अधीन दण्डनीय किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध ठहराये, जाने के पश्चात उक्त उपधारा के अधीन दण्डनीय अपराध का पुनः दोषी पाया जाता है तो वह द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध के लिए कारावास से जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी किन्तु जो दो वर्ष तक हो सकती है या ऐसे जुर्माने से जो पचास हजार रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो पाँच लाख रूपये तक हो सकता है या दोनों दण्डनीय होगा। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959

| | |
|---|---|
| धारा | 465–(1) जो भी व्यक्ति धारा 267 की उपधारा (1) के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करे, उसे दोष सिद्ध होने पर, एक मास तक का कारावास दंड, अथवा 100 रूपये तक का अर्थ–दंड अथवा दोनो ही दंड दिये जा सकते है।<br>(2) जब कोई व्यक्ति धारा (1) के अधीन सिद्ध दोष होता है तो दोष सिद्ध करने वाला मैजिस्ट्रेट ऐसे किसी भवन को तुरन्त हटाये जाने अथवा ऐसी किसी भूमि पर होने वाली क्रियाओं अथवा उस भूमि के प्रयोग को तुरन्त बन्द किये जाने की आज्ञा दे सकता है जिसके सम्बन्ध मे उक्त दोष सिद्धि (conviction) की गयी हो ।<br>(3) यदि उपधारा (2) के अधीन की गयी किसी आज्ञा का पालन न किया जाय अथवा उसके सम्पादन का विरोध किया जाय तो अपराधी व्यक्ति को दोष सिद्ध होने पर, एक महीने का कारावास–दंड अथवा 100 रूपये तक का अर्थ–दंड अथवा दोनो ही दंड दिये जा सकते हैं। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961

| | |
|---|---|
| धारा | **107–क–अतिक्रमण या अवरोध के लिये शास्ति-**(1) जो कोई किसी जिला पंचायत के प्रादेशिक क्षेत्र में उस जिला पंचायत की किसी भूमि पर, किसी सार्वजनिक सड़क में नाली के ऊपर की सीढ़ियों के निर्माण को छोड़कर, अतिक्रमण करता है, साधारण कारावास से जिसकी अवधि एक वर्ष तक हो सकेगी और जुर्माने से जो बीस हजार रूपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा। |
| धारा | **240–नियमों तथा उपविधियों का उल्लंघन-**नियम बनाने में राज्य सरकार तथा उपविधि बनाने में नियत प्राधिकारी की स्वीकृति से जिला पंचायत निदेश दे सकती है कि उसका उल्लंघन अर्थ–दण्ड से दण्डनीय होगा जो एक हजार रूपये तक हो सकेगा और जब ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ–दण्ड से दण्डनीय होगा जो प्रथम दोषसिद्धि के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि उसमें अपराधी अपराध करता रहा है, पचास रुपये तक हो सकेगा, अथवा यदि अर्थ–दण्ड का भुगतान न किया जाय तो कारावास से दण्डनीय होगा जो तीन मास तक का हो सकेगा। |
| धारा | **264–ञ– अधिग्रहण सम्बन्धी किसी आदेश के उल्लंघन के लिये शास्ति-**यदि कोई व्यक्ति धारा 264–घ या धारा 264–च के अधीन किये गये आदेश का उल्लंघन करेगा, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डनीय होगा। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश मादक पान (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1976

| | |
|---|---|
| धारा | 6–धारा 3 के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाले किसी व्यक्ति को सिद्ध दोष होने पर कारावास का, जो छः मास तक का हो सकता है, अथवा जुर्माना का, अथवा दोनों दण्ड दिया जायगा। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976

| | |
|---|---|
| धारा | 16–क–(1) किसी व्यक्ति को, जो धारा 16 के अधीन प्राधिकृत किसी व्यक्ति को किसी भूमि पर या भवन में प्रवेश करने में बाधा डालता है कारावास से, जो छह माह तक हो सकता है या जुर्माना जो पांच हजार रूपये तक हो सकता है या दोनों से दण्डित किया जायेगा। |
| | * * * * |

## उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976

| | |
|---|---|
| धारा | 10–जो कोई भी धारा 4 के उपबन्धों का उल्लंघन करते हुए किसी खड़े वृक्ष को गिराता है या गिराने देता है, या किसी गिरे हुए वृक्ष को काटता है, हटाता है या अन्यथा निस्तारित करता है या इस अधिनियम के अधीन दी गयी किसी अनुज्ञा की किसी शर्त का उल्लंघन करता है, उसे कारावास का, जो छः मास तक हो सकता है, या जुर्माने का, जो एक हजार रुपये तक हो सकता है या दोनों का दण्ड दिया जायेगा। |
| धारा | 13–(1) वनराजिक से अनिम्न श्रेणी का कोई वन अधिकारी या सब इन्सपेक्टर से अनिम्न श्रेणी का कोई पुलिस अधिकारी, किसी व्यक्ति को, जिसके विरुद्ध यह विश्वास करने का कारण हो कि वह इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध से सम्बन्धित है, बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकता हैः<br>परन्तु पर्वतीय क्षेत्र के सम्बन्ध में इस धारा में सब इन्सपेक्टर के प्रति निर्देश का अर्थ इस प्रकार किया जायेगा मानो यह नायब तहसीलदार के प्रति निर्देश है।<br>(2) इस धारा के अधीन गिरफ्तारी करने वाला प्रत्येक अधिकारी, बिना अनावश्यक विलम्ब किये, और बन्ध–पत्र पर छोड़े जाने के सम्बन्ध में इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, गिरफ्तार व्यक्ति को उस मामले में अधिकारिता रखने वाले मजिस्ट्रेट या निकटतम थाने के प्रभारी अधिकारी के समक्ष ले जायेगा या भिजवायेगा।<br>(3) इस धारा के अधीन गिरफ्तार किसी व्यक्ति को उसके द्वारा, मामले में अधिकारिता रखने वाले मजिस्ट्रेट के समक्ष, जब कभी आवश्यक हो उपस्थित होने के लिए, बन्ध–पत्र निष्पादित किये जाने पर छोड़ दिया जायेगा। |
